राजस्थान पत्रिका 20/9/16

पांच दिवसीय शिविर का समापन...

# पशुपालकों को दिया प्रशिक्षण

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
rajasthanpatrika.com

मालपुरा. केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर में पशुपालकों के लिए केन्द्रीय ऊन विकास मण्डल जोधपुर की ओर से चल रहे पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का समापन सोमवार को हुआ।

इसमें संस्थान निदेशक डॉ. एस. एम. के. नकवी ने कहा कि संस्थान 50 वर्षों से भेड़ एवं ऊन पर अनुसंधान एवं विस्तार कार्यक्रम चला रहा है। इससे संस्थान के आस-पास के भेड़ व बकरी पालकों की आय में वृद्धि हुई है। संस्थान द्वारा विकसित किए गए स्वास्थ्य कैलेण्डर को अपनाने एवं स्वास्थ्य शिविर लगाने से भेड़ों की मृत्यु दर में कमी आई है। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान संस्थान के वैज्ञानिकों की ओर से भेड़ों में प्रजनन, गर्भवती भेड़ एवं शरीर अवस्था, भेड़ पोषण, भेड़-बकरी में स्वास्थ्य प्रबंधन, ऊन कताई-बुनाई व रंगाई तथा सहकारी समितियों के महत्व की जानकारी दी गई। समापन पर समन्वयक डॉ. एल. आर. गुर्जर व सह-समन्वयक डॉ. राजकुमार ने पशुपालकों को संस्थान का भ्रमण भी कराया।

मालपुरा के केन्द्रीय भेड़ एवं ऊन अनुसंधान संस्थान अविकानगर में भेड़ों के सम्बन्ध में जानकारी लेते पशुपालक।